भारत सरकार
कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
आंध्रप्रदेश व तेलंगाना, हैदराबाद
'सी' ब्लाक, 10वीं तल, आयकर शिखर
10-2-3, ए.सी. गार्ड्स, हैदराबाद - 500 004

GOVERNMENT OF INDIA
Office of the
Pr. Chief Commissioner of Income Tax,
Andhra Pradesh & Telangana, Hyderabad
'C' Block, 10th Floor, IT Towers,
10-2-3, A.C.Guards, Hyderabad – 500 004

अपील

आयकर परिवार के सभी सदस्यों को "हिंदी दिवस" की हार्दिक शुभकामनाएँ।

किसी भी देश की महानता, अस्मिता एवं गरिमा की सही पहचान उस देश की भाषा, विशेषकर राजभाषा से होती है। अमृतकाल में प्रवेश करते हुए हमारा देश एक विकसित राष्ट्र और विश्वगुरू बनने के पथ पर अग्रसर है। किसी भी देश की प्रगति उसकी अपनी भाषा पर निर्भर करती है। अतः हमारे देश को इस प्रगति के पथ पर अपनी राजभाषा एवं संपर्क भाषा हिंदी को लेकर ही आगे बढ़ना है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी व बाज़ार में बदलाव और प्रगति आज की वास्तविकता है। जो भाषा बदलते युग के साथ तालमेल बिठाकर चलती है, उसका अस्तित्व बना रहता है। संभवतः हिंदी भाषा इस पर खरी उतरती है।

भारत सरकार के शासकीय प्रयोजनों के लिए आयकर विभाग, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना क्षेत्र के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मैं अपील करती हूँ कि राजभाषा प्रयोग संबंधी संवैधानिक दायित्वों तथा सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग पर बल दें, साथ में विभाग के केन्द्रीय कार्य योजना, 2023-24 में वर्णित राजभाषा संबंधी लक्ष्यों को पूरा करने में हर संभव प्रयास करें।

संघ की राजभाषा नीति का आधार ही प्रेरणा और प्रोत्साहन है। क्षेत्र में भी इसी सद्भावना के साथ राजभाषा हिंदी का विकास एवं प्रचार-प्रसार हो रहा है। हर्ष का विषय है कि हिंदी दिवस, 2023 के उपलक्ष्य में क्षेत्र में सभी कार्मिकों के लिए हिंदी की विभिन्न रोचक व उत्साहवर्धक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। सभी इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लें, इसे सफल बनाएँ और राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लें।

14 सितंबर, 2023

मिताली
(मिताली मधुस्मिता)
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
आन्ध्र प्रदेश व तेलंगाना क्षेत्र,
हैदराबाद